जनसंपर्क कार्यालय
जामिया मिल्लिया इस्लामिया

13 जनवरी, 2025

प्रेस विज्ञप्ति

जामिया मिल्लिया इस्लामिया और फिजिक्स वाला ने विश्वविद्यालय में उत्कृष्टता केंद्र स्थापित करने की संभावनाओं के बारे में चर्चा की

जामिया मिल्लिया इस्लामिया में दिनांक 9 जनवरी, 2025 को विश्वविद्यालय में उत्कृष्टता केंद्र स्थापित करने पर विचार-विमर्श के लिए एक बहुत ही सृजनात्मक बैठक आयोजित की गई । माननीय कुलपति प्रो. मजहर आसिफ, कुलसचिव प्रो. मोहम्मद महताब आलम रिजवी, डॉ. सत्य प्रकाश प्रसाद (कुलपति के विशेष कार्याधिकारी), आवासीय कोचिंग अकादमी के प्रभारी प्रोफेसर और जामिया स्कूलों के प्रधानाचार्यों ने भारत इंटरनेशनल ग्लोबल (बीआईजी)-एनएसडीसी, भारत सरकार के संयुक्त पहल के वरिष्ठ प्रबंधक श्री सत्यम जिंदल और फिजिक्स वाला-एक शैक्षिक प्रौद्योगिकी कंपनी के साथ विचार विमर्श किया । प्रस्तावित पहल का उद्देश्य कक्षा 9 से 11 तक के छात्रों सहित संघ लोक सेवा आयोग सिविल सेवा और अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करने वाले छात्रों के लिए पाठशाला मॉडल कक्षाएं शुरू करना है।

फिजिक्स वाला ने जामिया मिल्लिया इस्लामिया के साथ मिलकर अपने उत्कृष्ट विद्यालयों में हाइब्रिड शिक्षा मॉडल (पाठशाला-2 शिक्षक मॉडल) लागू करने के लिए एक सहयोगात्मक साझेदारी का प्रस्ताव रखा है। यह पहल जेईई, एनईईटी और एनडीए जैसी प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए व्यक्तिगत परीक्षा की तैयारी और मेंटरशिप पर बल देती है और साथ ही एसटीईएम शिक्षा और कौशल विकास को भी बढ़ावा देती है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) 2020 के अनुरूप इस मॉडल का उद्देश्य छात्रों की विविध शैक्षणिक और व्यावसायिक आवश्यकताओं को पूरा करना है।

बैठक में जामिया स्कूलों के छात्रों और संघ लोक सेवा आयोग और अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं के उम्मीदवारों के लाभार्थ हाइब्रिड शिक्षा मॉडल को लागू करने के लिए महत्वपूर्ण घटकों पर ध्यान केंद्रित किया गया। कुलपति ने शैक्षणिक और व्यावसायिक लक्ष्यों को प्राप्त करने में सहयोगी प्रयासों के महत्व पर बल दिया और साथ ही जामिया स्कूलों और विश्वविद्यालय में नामांकित छात्रों के लिए सस्ती, लागत प्रभावी और उच्च गुणवत्तापूर्ण शिक्षा की आवश्यकता पर भी प्रकाश डाला।

जनसंपर्क कार्यालय
जामिया मिल्लिया इस्लामिया